wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Title Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर में खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-103 | सागवाड़ा, रविवार, 12 दिसम्बर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## महात्मा गांधी हिंदू थे और गोडसे हिंदुत्ववादी; मोदी भी हिंदुत्ववादी हैं, उन्हें सिर्फ सत्ता चाहिए

# मैं हिंदू हूं, हिंदुत्ववादी नहीं: राहुल

**जयपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को जयपुर में कांग्रेस की राष्ट्रीय रैली में मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पूरा देश चार-पांच उद्योगपतियों के हाथ में है। हर संस्थान एक संगठन के हाथ में है। मंत्रियों के ऑफिस में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ओएसडी हैं। देश को जनता नहीं चला रही है, तीन-चार पूंजीपति चला रहे हैं और हमारे प्रधानमंत्री उनके काम कर रहे हैं। रैली में सोनिया गांधी भी शामिल हुईं, लेकिन उन्होंने भाषण नहीं दिया। राहुल ने कहा कि दो शब्दों का एक मतलब नहीं हो सकता। हर शब्द का अलग मतलब होता है। देश की राजनीति में आज दो शब्दों के मतलब अलग हैं। एक शब्द हिंदू दूसरा शब्द हिंदुत्ववादी। ये एक चीज नहीं है, ये दो अलग शब्द हैं और इनका मतलब बिल्कुल अलग है। मैं हिदू हूं, लेकिन हिंदुत्ववादी नहीं हूं। महात्मा गांधी हिंदू थे और नाथूराम गोडसे हिंदुत्ववादी थे। उन्होंने कहा कि हिंदू और हिंदुत्ववादी में फर्क होता है। हिंदू सत्य को ढूंढता है। मर जाए, कट जाए, फिर भी हिंदू सच को ढूंढता है। उसका रास्ता सत्य रहा। पूरी जिंदगी वो सच को ढूंढने में निकाल देता है।

जबकि हिंदुत्ववादी पूरी जिंदगी सत्ता को ढूंढने और सत्ता पाने में निकाल देता है। वह सत्ता के लिए किसी को भी मार देगा। हिंदू का रास्ता सत्याग्रह होता है और हिंदुत्ववादी का रास्ता सत्ताग्रह होता है। राहुल ने कहा- देश की सरकार कहती है कि कोई किसान शहीद ही नहीं हुए।







## मोदी सरकार ने जनता के साथ किया धोखा: गहलोत



सीएम अशोक गहलोत ने कहा हैं कि महंगाई को लेकर आज राष्ट्रीय रैली आजादी के बाद पहली बार दिल्ली के बाहर हो रही है। जयपुर में इतिहास बना है। ये राजस्थानवासियों के लिए गौरव की बात है। जो समस्या आज घर-घर में है, लोग दुःखी हैं महंगाई से। महिलाएं त्रस्त हैं, आज ये जो लाखों लोग बैठे हुए हैं, ये परिलक्षित कर रहे हैं उन भावनाओं को, जो पूरे देश के अंदर देशवासी हैं, विशेष रूप से महिलाएं हैं, मिडिल वर्ग के लोग हैं, आदिवासी हैं, पिछड़े हैं, दलित वर्ग के लोग हैं, गरीब आदमी हैं, महंगाई की मार उसके ऊपर ज्यादा पड़ती है। गहलोत ने कहा कि पूरे देश में आपको यही माहौल मिलेगा, जो आज यहां जयपुर में देखने को मिल रहा है, इसके मायने हैं कि जब से मोदी सरकार आई है। 7 साल का कुशासन आपके सामने है, वादे बड़े-बड़े किए थे 2014 के अंदर, उन वादों का अब नाम ले ही नहीं रहे हैं वो लोग। गहलोत ने कहा कि जनता को गुमराह कर रहे हैं।

देश की आर्थिक नीतियां बर्बाद कर दी है। इसके कारण से आज महंगाई का ये हाल है और पूरे देशवासी दुःखी हैं।

## दुनिया घूम ली, किसानों से नहीं मिल पाए: प्रियंका



रैली में प्रियंका गांधी ने भी केंद्र सरकार और भाजपा की रीति-नीति पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जनता के लिए काम नहीं कर रही है। यह सिर्फ गिने-चुने उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है। केंद्र की सरकार झूठ, लालच और लूट वाली सरकार है। गोवा में एक उद्योगपति के कोयले को इधर से उधर ले जाने के लिए लोगों की मर्जी के खिलाफ सड़क बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी पर्यटन में व्यस्त हैं। उन्होंने दुनिया घूम ली, लेकिन दिल्ली में किसानों से बातचीत करने नहीं जा पाए। भाजपा कहती है कि 70 साल में कुछ नहीं हुआ। मैं चुनौती देती हूं कि एक कोई संस्थान ऐसा बता दें, जो शिक्षा के लिए भाजपा ने इन सात सालों में बनाया है। प्रियंका ने लोगों के सामने अपनी एक शिकायत भी की। उन्होंने कहा कि जब चुनाव आता है तो भाजपा के लोग जाति, धर्म, चीन-पाकिस्तान की बात करने लगते हैं।

जब चुनाव हों तो इस भाजपा की सरकार से जवाब मांगें। उनसे पूछें कि आपने लोगों के लिए क्या किया है?

## महंगाई कम करें, नहीं तो सरकार को हटा देगी जनता:पायलट



पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि जयपुर की इस रैली से मोदी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

हम इस सरकार को मजबूर करेंगे कि या तो वह मंहगाई कम करे, नहीं तो जनता सरकार को हटा देगी। उन्होंने कहा कि हम एकजुटता के साथ ही देश के सामने मौजूद चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि महंगाई तो देश में बढ़ी ही है। इसके साथ-साथ देश की संस्कृति पर भी हमला हो रहा है। हमें यह पहचानना पड़ेगा कि हमें देश की संस्कृति पर चलना है या मोदी की संस्कृति पर?

## अधीर रंजन की जुबान फिसली

विद्याधर नगर में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन की जुबान फिर फिसल गई। उन्होंने कहा कि मोदी दावा करते हैं कि वे देश में डिजिटल क्रांति लेकर आए, जबकि यह काम राहुल गांधी ने किया था। दरअसल, वे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम लेना चाह रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदीजी खुद का अकाउंट बचा नहीं सकते, देशवासियों का क्या बचाएंगे। गौरतलब है कि शनिवार रात को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ट्विटर अकाउंट हैक हुआ था।

## मुख्यमंत्री ने विधायक दीपेन्द्र सिंह शेखावत की कुशलक्षेम पूछी



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को फोर्टिस अस्पताल पहुंचकर वहां भर्ती पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक दीपेन्द्र सिंह शेखावत की कुशलक्षेम पूछी। गहलोत ने चिकित्सकों से शेखावत के उपचार के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर विधायक गोविन्द सिंह डोटासरा एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह भी उपस्थित थे।


## एक शराबी पति ने पत्नी से झगडे के बाद अपने ही घर में आग लगा दी

### धम्बोला थाना क्षेत्र के गडापट्टापीठ गांव का मामला

**सीमलवाड़ा।** जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के गडापट्टापीठ गांव में एक शराबी पति ने पत्नी से झगडे के बाद अपने ही घर में आग लगा दी। केलुपोश में घर में लगी आग से जेवर, नगदी, अनाज, बाइक व घरेलु सामान जलकर राख हो गया। आग से 5 लाख से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। धम्बोला थाने के सीआई भैयालाल आंजना ने बताया की गडापट्टापीठ निवासी 50 वर्षीय प्रभुलाल पारगी पिता मरता पारगी शराब का आदि है। आज सुबह जल्दी प्रभुलाल की पत्नी मनरेगा योजना में काम करने के लिए घर से चली गई थी सुबह करीब 10 बजे के आसपास जब प्रभुलाल की पत्नी वापस घर आई तो प्रभुलाल ने बिना बताये जाने की बात को लेकर उससे झगडा किया और उसे मारने के लिए दौड़ा। इस दौरान प्रभुलाल की पत्नी ने वहा से भागकर अपनी जान बचाई। इधर पीछे से प्रभुलाल ने शराब के नशे में अपने ही केलुपोश घर में आग लगा दी। इधर घर से आग की लपटे उठते देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को भी सुचना दी। सुचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पास के ही बोरवेल से ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। लेकिन आग से घर में रखी एक बाइक, सोने-चांदी के जेवर, हजारो की नगदी, अनाज, बिस्तर, पलंग और घरेलू सामान जलकर ख़ाक हो गया। आग लगने से 5 लाख से अधिक का नुकसान बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## राजस्थान में आज 12 कोरोना केस



**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना पॉजिटिव केसों की रफ्तार पिछले चार दिनों से धीमी पड़ गई है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में 12 कोरोना पॉजिटिव केस सामने आए, जबकि 23 लोगों की जांच रिपोर्ट नेगेटिव आने पर डिस्चार्ज किया गया। चिकित्सा विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के हिसाब से 12 दिसंबर तक राजस्थान में एक्टिव केसों की संख्या 262 पहुंच गई है। रविवार को चार जिलों में पॉजिटिव केस मिले है। इनमें जयपुर में 6, अलवर में 2, राजसमंद में 1, उदयपुर में 3 केस मिले। प्रदेश में अब तक 95 हजार से ज्यादा पॉजिटिव केस मिल चुके है। वहीं, 8956 लोगों की मौत हो चुकी है। आंकड़ों के अनुसार अजमेर में 15, अलवर में 24, बाड़मेर में 8, भरतपुर में 3, बीकानेर में 22, दौसा में 1, डूंगरपुर में 5, गंगानगर में 2, हनुमानगढ़ में 12, जैसलमेर में 2, झुंझुनूं में 7, जोधपुर में 8, नागौर में 3, पाली में 2, राजसमंद में 1, सिरोही में 6, उदयपुर में 20 और जयपुर में सबसे ज्यादा 121 एक्टिव केस है।


## उल्टा गुनहगार साहूकार को डाटे:वसुन्धरा राजे




**जयपुर।** पूर्व सीएम व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुन्धरा राजे ने कहा है कि महंगाई के ख़िलाफ़ कांग्रेस की रैली 'उल्टा गुनहगार साहूकार को डाटे' कहावत के सिवा कुछ भी नहीं है। क्योंकि महंगाई की जन्मदाता तो वह ख़ुद है। राजे ने कहा कि जनता अच्छी तरह जानती है कि देश में पेट्रोल-डीज़ल और बिजली सबसे महंगी राजस्थान में है। जो महंगाई की सबसे बड़ी वजह है। उन्होंने कहा कि कोंग्रेस को महंगाई के खिलाफ़ रैली करने का कोई हक़ नहीं है,क्योंकि जो मुद्रास्फीति कांग्रेस राज में 28 फ़ीसदी थी, वह मोदी सरकार में 3.7 प्रतिशत रह गई है। पूर्व सीएम ने कहा कि अच्छा तो यह होता कि राहुल गांधी प्रदेश की जनता को राहत देने के लिए पेट्रोल-डीज़ल तथा बिजली के दाम कम करने की घोषणा करते। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विधानसभा चुनाव में घोषणा करके गये थे कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो 10 दिन में किसानो का दो लाख तक का क़र्ज़ा माफ़ कर दिया जाएगा। इस रैली में उम्मीद थी कि राहुल क़र्ज़ा माफ़ करेंगे पर उन्होंने नहीं किया।इस लिए प्रदेश की जनता ने मन बना लिया है कि यदि महंगाई हटाना है तो कांग्रेस हटाओ और भाजपा लाओ।

### हाईवे पर ट्रक खड़ा कर 2 घंटे लगाया जाम, आरटीओ पर लगाया आरोप

## अवैध वसूली का आरोप लगाकर किया हंगामा, बाद में हुआ चालक फरार, ट्रक जब्त, जांच में जुटी पुलिस





**अजमेर।** अजमेर के नारेली व लाडपुरा के बीच एक ट्रक चालक ने ट्रक को बीच रास्ते में खड़ा कर हंगामा किया। करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह जाम कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस के समक्ष परिवहन विभाग के अधिकारियों पर अवैध वसूली करने का आरोप भी लगाया और बाद में मौके से फरार हो गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया और यातायात सुचारू कराया। इस सम्बन्ध में बात करने पर जिला परिवहन अधिकारी राजीव शर्मा का कहना रहा कि परिवहन विभाग का कोई भी दल आज हाइवे पर चेकिंग नहीं कर रहा था। वहीं आदर्श नगर थाना प्रभारी सुगनसिंह ने कहा कि हंगामें की सूचना मिली और ट्रक चालक अवैध वसूली का आरोप लगा रहा था। बाद में फरार हो गया। ट्रक जब्त कर लिया है और चालक की तलाश की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो करीब तीन बजे एक चालक ने ट्रक को बीच रास्ते में खड़ा कर दिया और आरोप लगाया कि परिवहन विभाग के दल ने अवैध वसूली की और जब उसका वीड़ियो बनाने लगा तो मोबाइल छीनकर चले गए। ट्रक को बीच रास्ते खड़ा कर दूसरी तरफ आ गया और दोनों तरफ वाहनों की लम्बी कतार लग गई। सूचना पर पहुंचे पुलिस दल से भी वसूली की बात बताई। पुलिस ने ट्रक चालक को ट्रक हटाने की बात कही लेकिन बाद में वो वहां से निकल लिया। इस दौरान अन्य ट्रक चालकों ने भी हंगामा किया। तलाश करने पर भी चालक नहीं मिला तो पुलिस ने क्रेन मंगवाई और ट्रक को हटाकर एक तरफ किया। इसके बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हो पाई। करीब दो घंटे तक याातायात बाधित रहा। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया और जांच कर रही है।

## राजस्थान का पहला बोन बैंक

कोटा। कोटा मेडिकल कॉलेज में प्रदेश का पहला बोन बैंक इस महीने शुरू हो जाएगा। बोन बैंक का निरीक्षण करने के लिए पिछले दिनों जयपुर से डॉक्टर्स आरसी बंसीवाल, सीनियर प्रोफेसर और एसके गोयल एसोसिएट प्रोफेसर की टीम कोटा पहुंची। उन्होंने बोन बैंक में उपकरणों, ट्रांसप्लांट यूनिट का निरीक्षण किया और प्रक्रिया की जानकारी ली। टीम ने बोन बैंक के लिए किये गए सेटअप पर संतोष जताया। अब इसी महीने बोन बैंक शुरू हो जाएगा। यहां 5 साल तक हड्डियां प्रिजर्व रखी जा सकेंगी। इन अस्थियों को बोन कैंसर, जन्मजात विकृति समेत अन्य रोगियों को रिप्लेस किया जा सकेगा। राज्य सरकार ने 2018 के बजट में इसकी घोषणा की थी, जिसमें 20 लाख रुपए का बजट दिया था।

## वागड़ संत गोविंद गुरु का जन्मोत्सव कार्यक्रम 20 दिसंबर को, तैयारी बैठक हुई

**सीमलवाड़ा।** वागड़ संत गोविंद गुरु का जन्मोत्सव कार्यक्रम 20 दिसंबर को भव्य तरीके से मनाने को लेकर तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद एवं जन्मोत्सव आयोजन समिति के संयुक्त तत्वाधान में जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ माना जाता है। वहीं रविवार को जन्मस्थली मडी मगरी धाम पर गादीपति करण गिरी महाराज के सानिध्य में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जन्मोत्सव कार्यक्रम को भव्य तरीके से मनाने, महा प्रसादी, भजन कीर्तन समेत व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग दायित्व दिए गए। जिसमें महा प्रसादी बंजारा समाज बड़ौदा एवं नवयुवक मंडल की ओर से होगा। वही टेंट साउंड व्यवस्था सरपंच बांसिया व सरपंच चाडोली की ओर से होगा एवं अन्य व्यवस्था को लेकर भी दायित्व सौंपे गए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गोविंद गुरु की जन्मस्थली पर विगत 16 साल से राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद जन्मोत्सव कार्यक्रम कर रहा है , लेकिन कुछ असामाजिक तत्व के लोग इसमें रुकावट डालने का प्रयास कर रहे हैं, जिसको लेकर आक्रोश जताया गया। कार्यक्रम में सर्व समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने, गुरु के उपदेशों को जन जन तक पहुंचाने, गुरु के बताए मार्ग पर चलने, धाम के विकास को लेकर प्रयास करने समेत चर्चा की गई।



इस मौके पर जिला प्रचारक नरेंद्र सिंह, किरीट पंड्या, नानूराम परमार, अमृत लाल ननोमा, दिनेश पंड्या, संजय कुमार रोत सुराता, कल्याण मल रोत, गोवर्धन पाटीदार, अनिल गरासिया, प्रेमनाथ कटारा, राजेश प्रजापत, प्रताप बंजारा, पंचायत समिति सदस्य विमल प्रकाश डोडियार, हीरालाल डामोर, अर्जुन लाल डामोर, गौतम कोटेड, दलपत रोत, भंवर लाल कटारा, गोविंदराम अहारी, खातुराम रोत, नानूराम भगोरा, दशरथ , देवेंद्र दर्जी, रमेश भगोरा, भंवर लाल कलासुआ, गणेश लाल पारगी, प्रभु लाल खांट, ताजू भगत, गटू लाल , अमृत लाल कटारा, हरिश कुमार, दिनेश डामोर, पंकज बंजारा, तेजपाल बंजारा, नरेंद्र कुमार बंजारा महाराज, वैभव पाटीदार, पन्नालाल मीणा, भीखा लाल बारिया, रमनलाल, बंजारा समाज सेना प्रदेश युवाध्यक्ष उदय लाल बंजारा, दशरथ बंजारा, आत्माराम कटारा, वालेंग रोत, रमेश सरपोटा समेत मौजूद रहे। संचालन लालुराम कटारा ने किया एवं आभार गुणवंत कलाल ने जताया।